# फार्मा के क्षेत्र में निवेश के लिए सम्मेलन तीन को

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ:** इन्वेस्ट यूपी और उप्र खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) के संयुक्त तत्वावधान में तीन फरवरी को लखनऊ के ताज होटल में फार्मा क्षेत्र में निवेश को लेकर सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्देश्य निवेशक-अनुकूल नीतियों के माध्यम से उप्र को देश के अग्रणी फार्मास्युटिकल एवं मेडिकल डिवाइस निर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री स सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में केंद्रीय स्वास्थ्य और कल्याण मंत्री जेपी नड्डा भी शामिल होंगे। उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण नोएडा के यमुना क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस और ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क की स्थापना कर रहा है। इन पार्कों में फार्मा क्षेत्र के निवेशकों से निवेश आकर्षित करने के लिए पहली बार फार्मा क्षेत्र में निवेश को लेकर सम्मेलन हो रहा है।